किंगडम में विद्यार्थी थे । वे पेरिस से प्रधान मंत्री के साथ अमरीका के राष्ट्रपति के विशेष हवाई जहाज में अमरीका गए और उसी जहाज से प्रधान मंत्री जी के साथ लन्दन वापिस आए और वहीं रुक गए क्योंकि उस समय वे यूनाइटेड किंगडम में पढ़ रहे थे ।

2. नई दिल्ली से प्रधान मंत्री जब रूस, यूगोस्लाविया और संयुक्त अरब गणराज्य की यात्रा पर गई थीं, तब श्री संजय गांधी उनके साथ गए थे और उन्हीं के साथ ही वह भारत वापस आए ।

3. मई 1968 में जब दिल्ली से प्रधान मंत्री भूटान और सिक्किम की यात्रा पर गई थीं, तब श्रीमती सोनिया गांधी उनके साथ गई थीं और उन्हीं के साथ लौट आई ।

नोट : उक्त यात्राओं के लिए कोई विदेशी मुद्रा मंजूर नहीं की गई और न सरकार ने इन पर कोई खर्च किया । वाणिज्यिक सेवाओं से की गई यात्राओं के लिए प्रधान मंत्री ने स्वयं 4921.00 रुपये का हवाई भाड़ा दिया ।

(ख) इन यात्राओं के लिए प्रधान मंत्री के परिवार के किसी भी सदस्य के लिए विदेशी मुद्रा मंजूर नहीं की गई थी ।

(ग) और (घ) जी नहीं ।

उत्तरी क्षेत्र में परमाणु बिजली घर

4175. **श्री मोलहू प्रसाद** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि समूचा देश पांच क्षेत्रीय विद्युत् क्षेत्रों में विभक्त किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उत्तरी क्षेत्र जिसमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश हरियाणा, राजस्थान, जम्मू तथा कश्मीर, दिल्ली और चंडीगढ़ शामिल है, सबसे बड़ा क्षेत्र है और क्या उत्तरी क्षेत्र की कृषि तथा औद्योगिक क्षमता बहुत अधिक है और उसकी भूमि बहुत उपजाऊ है ;

(ग) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि चीन और पाकिस्तान इस खण्ड के पड़ोस में है और इस बात को दृष्टि में रखते हुए इस क्षेत्र का विकास उसके सामरिक महत्व के कारण भी अत्यावश्यक है ;

(घ) क्या बिजली की कमी को ध्यान में रखते हुए सरकार का विचार उत्तरी क्षेत्र में एक आण्विक बिजली घर स्थापित करने का है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसे कहां स्थापित किया जाएगा और वह कब तक स्थापित हो जायेगा ; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

प्रधान मंत्री, वित्त मंत्री, अणु शक्ति मंत्री तथा योजना मंत्री (श्री मती इन्दिरा गांधी) :

(क) जी, हां ।

(ख) से (ङ). उत्तरी जोन सबसे बड़ा जोन है । इस जोन में सम्मिलित इलाकों के सामर्थ्य, इनके सामरिक तथा अन्य महत्वों एवं इनकी आर्थिक आवश्यकताओं से सरकार अवगत है । फिलहाल चौथी पंचवर्षीय योजना में किसी परमाणु बिजलीघर की स्थापना की व्यवस्था नहीं की गई है, लेकिन सम्बन्धित अवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए यथा समय इस प्रश्न पर अवश्य विचार किया जाएगा ।

उत्तर प्रदेश में कृषि उद्योग समूह

4176. **श्री मोलहू प्रसाद** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश को परमाणु शक्ति युक्त कृषि-उद्योग समूह की आवश्यकता है ;

(ख) क्या सरकार का राज्य को बिजली की आवश्यकता पूरी करने के लिए शीघ्र ही 100 मेगावाट का परमाणु शक्ति केन्द्र स्थापित करने का विचार है ?

(ग) यदि हां, तो इसे कब स्थापित करने का विचार है ?

प्रधान मंत्री, वित्त मंत्री, अणु शक्ति मंत्री तथा योजना मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी):

(क) प्रारम्भिक अध्ययन से यह पता लगा है कि परमाणु बिजली पर आधारित कृषि-उद्योग समूह के द्वारा पश्चिमी क्षेत्र में खाद्य उत्पादन में वृद्धि कर सकना सम्भव है।

(ख) और (ग). आजकल विस्तार से किये जा रहे अध्ययन की समाप्ति तथा उपलब्ध साधनों के निर्धारण के बाद ही इस सम्बन्ध में निर्णय करने का प्रश्न उठेगा।

राजदूतों तथा वैदेशिक-कार्य मंत्रालय के अधिकारियों की शिक्षा संबंधी अर्हताएं

4177. **श्री मलहू प्रसाद :** क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री 30 अप्रैल, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 8210 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों में ऐसे राजदूतों और वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में ऐसे अधिकारियों की संख्या कितनी-कितनी है जिनके पास कोई विशिष्ट शिक्षा सम्बन्धी अर्हताएं नहीं हैं; और

(ख) क्या उन्हें राजनीतिक विचार-धाराओं के आधार पर नियुक्त किया गया था ?

वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह): (क) कुछ नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Distribution of Nylon Yarn

4179. SHRI SITARAM KESRI: Will the Minister of FOREIGN TRADE AND SUPPLY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have received a large number of representation in regard to the distribution of indigenous and imported nylon yarns;

(b) whether it is also a fact that the improper distribution of nylon yarn has affected some of the industries adversely; and

(c) if so, the steps taken by Government to see that the nylon yarn is distributed properly and at a fairly steady rates?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE AND SUPPLY (SHRI CHOWDHARY RAM SEWAK): (a) and (b). No, Sir.

(c) There is no statutory distribution control on indigenous nylon yarn. The nylon yarn imported by S.T.C. is being distributed to actual users through various weavers' Associations and this has been working satisfactorily.

फिल्मों का आयात

4180. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री न० रा० देवघरे :

क्या वैदेशिक व्यापार तथा पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1968 में सरकार ने विभिन्न देशों से कुल कितनी फिल्मों का आयात किया था और उस पर कितनी विदेशी मुद्रा व्यय की गई थी;

(ख) इस अवधि में कितनी भारतीय फिल्मों का निर्यात किया गया था;

(ग) सरकार ने उक्त भारतीय फिल्मों का निर्यात करके कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की; और